आज दिनांक 25 जून सन 2022 को गुरु श्री गोरक्षनाथ रक्त कोष के तत्वधान में एक रक्तदान शिविर का आयोजन एयर फोर्स हॉस्पिटल द्वारा किया गया।

इस अवसर पर रक्त कोष के प्रभारी डॉ अवधेश अग्रवाल जी ने "आभासी" रक्त दाताओं के प्रति अपनी शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए बताएं कि रक्तदान महादान है एक रक्तदान एक यज्ञ के समान है। उन्होंने बताया रक्तदान करने से रक्तदाता को लाभ ही होता है । इस अवसर पर ब्लड बैंक अधिकारी डॉक्टर ममता जायसवाल उपस्थित रहीं उनकी उपस्थिति से रक्त दाताओं में भारी उत्साह वर्धन देखा गया उन्होंने रक्त दाताओं को रक्तदान से संबंधित आवश्यक जानकारियों एवं लाभ के बारे में विस्तार से समझाया जैसे कि रक्तदाता के रक्तदान करने से स्वयं तो सुरक्षित रहते ही हैं उसके उपरांत एक रक्तदान से 4 लोगों के प्राणों की रक्षा की जा सकती है तथा रक्तदाता किसी प्रकार की कोई हानि नहीं होती है। इस अवसर पर नरेंद्र सिंह, निलेन्दु, रेखा सहित 25 लोगों ने रक्तदान किया।